हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 15 अगस्त 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04

आने वाली पीढ़ी को सच्चे इतिहास से परिचित कराना आवश्यकः खंडेलवाल



खबर संक्षेप

नागद्वारी मेले में उमड़ रहा जनसैलाब

नर्मदा पुरम। सतपुड़ा की वादियों में इन दिनों नागद्वारी मेले में भगवान शिव और नाग देवता के दर्शन करने शहर सहित आसपास के अंचलों से लाखों श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। श्रद्धालुओं का जन सैलाब पचमढ़ी में उमड़ पड़ा है। नागद्वारी मेला में श्रद्धालु दुर्गम पहाड़ियों की चढ़ाई चढ़कर यात्रा कर रहे हैं। पिछले साल से ज्यादा इस साल श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेला 17 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। सीईओ हिमांशु जैन सहित पचमढ़ी के एसडीएम अकीप खान भी इस पर नजर बनाए हुए हैं। मेला ग्रीन एवं क्लीन थीम पर आयोजित किया जा रहा है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम है और सभी वरिष्ठ अधिकारी कमान संभाले हैं और लगातार भ्रमण कर रहे हैं। सुरक्षा को लेकर एसडीआरएफ की टीम भी तैनात है। यातायात व्यवस्था को लेकर यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा स्वयं मेले में व्यवस्था संभाल रहे हैं। इसके साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता आदि पर भी नजर रखी जा रही है। दुर्गम राहों से पहुंचकर लगभग तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने अब तक दर्शन कर लिए हैं। पचमढ़ी में बारिश का दौर भी लगातार चल रहा है लेकिन पगडंडियों और चट्टानों के बीच से श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

पुलिस परेड ग्राउंड पर होगा मुख्य समारोह, मंत्री विश्वास सारंग करेंगे ध्वजारोहण

आन, बान और शान से लहराएगा तिरंगा जगह-जगह होंगे सांस्कृतिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व पारंपरिक गरिमा, उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया जाएगा। शहर के मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद राष्ट्रगान, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन और परेड की सलामी ली जाएगी। परेड में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट गाइड की टुकड़ियां आकर्षक मार्च-पास्ट का प्रदर्शन करेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह ध्वजारोहण और परेड के उपरांत विभिन्न स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

शहर के मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग ध्वजारोहण करेंगे।



समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय ध्वजारोहण कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। मंत्री श्री सारंग स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे तथा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करेंगे।

पिछले कई दिनों से चल रही थीं भव्य तैयारियां

शहर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर हर घर तिरंगा अभियान के चलते विगत कई दिनों से तिरंगा यात्राएं निकाली गई। जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, स्कूली बच्चों सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने तिरंगा रैली निकाली। इसके साथ ही सभी सार्वजनिक इमारतों को सजाया गया। पूरा शहर तिरंगे से पट गया और वंदे मातरम और भारत माता के नारे गूंज उठे।

सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था चाक-चौबंद

समारोह को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। परेड ग्राउंड और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आम नागरिकों और अतिथियों के वाहनों के लिए पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि मुख्य कार्यक्रम के दौरान आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

यह होंगे आयोजन

स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रातः 09:00 बजे से मुख्य अतिथि का आगमन, राष्ट्रीय गीत होगा। प्रातः 09:05 बजे परेड सलामी एवं निरीक्षण, हर्ष फायर, प्रातः 09:30 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण किया जाएगा। प्रातः 10:00 बजे से मुख्य अतिथि मंत्री श्री सारंग द्वारा मुख्यमंत्री के जिला नर्मदापुरम हेतु संदेश का वाचन किया जाएगा। प्रातः 10:10 बजे से गुब्बारों का छोड़ा जाना, परेड द्वारा मार्च पास्ट, दल नायकों से परिचय एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान होगा।

पनीर, सोया पनीर और घी के 7 नमूने भेजे, 19.68 कि. घी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं कलेक्टर के निर्देश पर दूध एवं दुग्ध उत्पादों की शुद्धता को लेकर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश एस. दियावार ने नर्मदापुरम स्थित ब्लिंकिट और रिलायंस स्मार्ट स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान पनीर और सोया पनीर के 03 नमूने जांच के लिए लिए गए। इसी क्रम में इटारसी स्थित कर्मा एजेंसी का औचक निरीक्षण भी किया गया। संदेह के आधार पर वहां से प्रेशयर ब्रांड के घी के 04 नमूने जांच हेतु लिए गए और मौके पर 19.68 किलोग्राम घी जब्त किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी 07 नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार अग्रिम प्रकरण प्रस्तावित किया जाएगा। विभाग ने जानकारी दी कि पिछले 07 दिनों में जिले भर में चलाए गए अभियान में लगभग 1426 लीटर संदेहास्पद घी जनहित में जब्त किया गया है। जब्त घी की अनुमानित कीमत लगभग 7 लाख 30 हजार रुपये है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि दूध, दूध उत्पाद और घी की जांच का यह सघन अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा।

अखंड ब्राह्मण सेवा समिति ने सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम। अखंड ब्राह्मण सेवा समिति नर्मदापुरम इकाई द्वारा पुलिस अधीक्षक को निमसाड़िया निवासी लालता प्रसाद मलैया द्वारा विगत दिनों पशु के साथ अप्राकृतिक कृत्य किए जाने के संबंध में कानूनी कार्यवाही किए जाने को लेकर एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपा। समिति के पदाधिकारियों ने कहा ये हमारी आस्था का विषय है।

अनाज मंडी में बिना अनुमति क्रिकेट टूर्नामेंट पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के अनाज मंडी परिसर में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के अवसर पर आयोजित होने वाले एक क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। बिना किसी आधिकारिक अनुमति शासकीय मंडी परिसर में प्रतियोगिता कराने और बड़े स्तर पर सट्टेबाजी की आशंका जताते हुए अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा गया है। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं समाजसेवी संस्था संचालक रोहित सिंह पवार ने एसडीएम नर्मदापुरम को दिए शिकायती आवेदन में बताया कि अनाज मंडी परिसर में 'आजाद कप' के नाम से क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आवेदन में कहा गया है कि एंट्री फीस व सट्टेबाजी की आशंका प्रतियोगिता के नाम पर टीमों व युवाओं से 4,100/- की एंट्री फीस वसूली जा रही है। शासकीय परिसर का उपयोग व्यावसायिक लाभ और बड़े पैमाने पर सट्टा संचालन के लिए किए जाने का अंदेशा जताया गया है।

तिरंगे के रंगों से जगमगाया कार्यालय, स्वतंत्रता दिवस पर पहली बार सादगी व भव्यता का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वाधीनता के महापर्व 'स्वतंत्रता दिवस' के पावन अवसर पर समूचे क्षेत्र में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का अभूतपूर्व उल्लास छाया हुआ है। इसी कड़ी में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में की गई राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत मनोहारी साज-सज्जा हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। कार्यालय परिसर में सेल्फी लेने वालों की भीड़ लगी रही। यह पहला अवसर है जब किसी पुलिस अधिकारी की व्यक्तिगत रुचि व पहल से इस राष्ट्रीय पर्व पर कार्यालय को इतने भव्य, सुव्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप में सजाया गया है, जिसकी प्रशंसा अब केवल शहर में ही नहीं बल्कि पूरे जिले में चर्चा का केंद्र बनी हुई है। तिरंगा थीम पर आधारित भव्य अलंकरण एसडीओपी जितेंद्र पाठक के मार्गदर्शन में तैयार किए गए इस विशेष परिवेश में तिरंगे के तीनों रंगों (केसरिया, श्वेत और हरा) को मुख्य आधार बनाया गया है। समूचा कार्यालय परिसर न केवल राष्ट्रभक्ति की अलौकिक ऊर्जा से सराबोर दिखाई दे रहा है, बल्कि यहां आने वाले हर नागरिक व अधिकारी में देशप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना का संचार कर रहा है।

शहीदों व अमर सेनानियों को श्रद्धांजलि

अधिकारियों के अनुसार, यह सजावट मात्र औपचारिकता न होकर देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर क्रांतिकारियों और वीर बलिदानियों के प्रति श्रद्धा व सम्मान व्यक्त करने का एक विनम्र प्रयास है। इस सुरुचिपूर्ण पहल ने राष्ट्रीय पर्व की गरिमा और प्रभाव शीलता को कई गुना बढ़ा दिया है। कार्यालय परिसर का यह नयनाभिराम और अनुकरणीय दृश्य वर्तमान में आमजन और पुलिस महकमे के बीच विशेष सराहना बटोर रहा है।

दादाजी वेयरहाउस का मामलाः युकां नेता विशाल वडकुर ने अधिकारियों से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

दादाजी वेयरहाउस में मूंग खरीदी के दौरान 15 किसानों की तुलाई और बिलिंग अटकने का मामला सामने आया है। खरीदी की अंतिम तिथि होने के बावजूद सर्वेयर की लापरवाही के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उन्होंने युवा कांग्रेस के जिला महासचिव विशाल वडकुर से मदद मांगी।

क्या है पूरा मामला

किसानों ने बताया कि सर्वेयर द्वारा समय पर FAQ (गुणवत्ता जांच) न करने के कारण उनका बिल नहीं बन सका। अंतिम तिथि होने के कारण किसान अपनी मूंग की तुलाई से वंचित रह जाने को लेकर काफी चिंतित थे। किसानों की शिकायत मिलते ही युवा कांग्रेस के जिला महासचिव विशाल वडकुर तत्काल दादाजी वेयरहाउस पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। विशाल वडकुर ने मौके से ही एसडीएम और जिला विपणन अधिकारी अनिल जैन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों से मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि कोई भी किसान परेशान न हो और उनकी उपज की सही समय पर तुलाई व बिलिंग हो सके।



मरीजों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुखतवा पहुंचकर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्ड एवं खंडों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से से चर्चा की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने मरीजों से उपचार, दवाओं, चिकित्सकीय सेवाओं एवं अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एसएनसीयू वार्ड में पहुंचकर नवजात शिशुओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने नवजात शिशुओं की माताओं से चर्चा कर उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों एवं चिकित्सकीय स्टाफ को निर्देश दिए कि अस्पताल में भर्ती प्रत्येक मरीज को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। मरीजों की समस्याओं का निराकरण किया जाए।

भोजन की गुणवत्ता भी परखी

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता का भी जायजा लिया। उन्होंने भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासकीय संस्थाओं की व्यवस्थाओं का मौके पर निरीक्षण करने के साथ आमजन से सीधे संवाद कर फीडबैक लेना है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए।

नपाध्यक्ष नीतू यादव ने कराया सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



गुरूवार को नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा वार्ड नंबर 8 में सीसी रोड निर्माण का कार्य प्रारंभ कराया गया। इस अवसर नपा के समस्त पार्षदगण उपस्थित थे। यह सड़क में डीईओ ऑफिस, हनुमान मंदिर क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित आरसीसी रोड का निर्माण विधायक और नगर पालिका निधि से किया जा रहा है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष यादव ने निर्माण एजेंसी को समय सीमा एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। भूमिपूजन नगरपालिका अध्यक्ष एवं समस्त पार्षदों गणों की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ।

विरोधः कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दलित समाज के अपमान का आरोप लगाकर निकाला घृणा मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन के बाद भाजपा द्वारा कथित रूप से मंच का 'शुद्धीकरण' किए जाने के विरोध में शुक्रवार को इटारसी में कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस घटना को दलित समाज और संविधान का अपमान बताते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर में 'घृणा मार्च' निकाला। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा और संविधान की पुस्तक लेकर जयस्तंभ चौक से बस स्टैंड तक मार्च निकाला। मार्च का समापन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। जिला अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पाण्डेय, नगर अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी और पूर्व नपा अध्यक्ष नीलम गांधी ने कहा कि भारत का संविधान सभी को समानता का अधिकार देता है। यह मार्च समाज को बांटने वाली और भेदभाव करने वाली सोच के खिलाफ हुआ। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस, नगर कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई, युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्षद और कई कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस ने इस मार्च के जरिए स्पष्ट संदेश दिया कि सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और संविधान के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सुरक्षा के इंतजामः पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा भापुसे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन के निर्देशन में पुलिस, बीडीडीएस और डॉग स्क्वाड की टीमों ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। जिले के सभी होटलों, ढाबों और लॉज में औचक निरीक्षण किया गया। कमरों और सामान की तलाशी लेने के साथ ही मुसाफिर रजिस्टरों का मिलान किया गया। नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरों के जरिए यात्रियों, उनके सामान और संदिग्ध पार्सलों की कड़ी निगरानी की जा रही है। प्रसिद्ध सेठानी घाट पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए विशेष सुरक्षा बल तैनात किया गया है। भीड़ प्रबंधन और सुगम यातायात के लिए प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

घर में तो रोशनी की है, मन के भीतर ईर्ष्याः आर्यिका भावनामति

इटारसी। आज एक बहुत बड़ा प्रश्न हमारे सामने है? घर क्यों मिट रहे हैं। परिवार क्यों बिखर रहे हैं। रिश्तों में मिठास क्यों कम होती जा रही है और समाज में आपसी दूरी क्यों बढ़ती जा रही है? यह सवाल जैन आर्यिका संघ प्रमुख भावनामति माताजी ने प्रवचन में उठाया। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व प्रवचन देते हुए उन्होंने समझाया, मनुष्य ने घर में तो रोशनी की है पर मन के भीतर ईर्ष्या, द्वेष, जलन का अंधकार फैल रहा है। इसलिए कभी मन में किसी इंसान के प्रति जलन का भाव आए तो उसे जलाने का भाव न करके मंदिर में एक दीपक जला देना। दिए से दिया जलाओगे तो प्रकाश होगा। एक दीपक जला कर प्रभु से कहना, हे प्रभु मेरे मन के ईर्ष्या, द्वेष रूपी अंधकार को नष्ट कीजिए।



केसला में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत जन संवाद कार्यक्रम

योजनाओं का लाभ दिलाने शासन पहुंच रहा गांव-गांव : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश में संचालित मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को केसला जनपद पंचायत में अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रेमशंकर वर्मा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा हितग्राहियों की समस्याओं एवं आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया। अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना तथा शासन-प्रशासन और आमजन के बीच सीधे संवाद को मजबूत करना है।

शासन आपके द्वार पहुंच रहा है : विधायक प्रेमशंकर वर्मा

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि अब हितग्राहियों को अपनी समस्याओं के लिए शासन-प्रशासन के कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि शासन और प्रशासन स्वयं गांव एवं घर तक पहुंचकर समस्याओं को जान रहा है। उन्होंने कहा कि उद्यम संवाद आयोजित करने का उद्देश्य सफल हितग्राहियों के अनुभवों को अन्य नागरिकों तक पहुंचाना है। किसी भी योजना या उद्यम को लेकर मन में संशय हो तो संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें। शासन की योजनाएं आमजन के लिए बनाई गई है।



संवाद ही अभियान की सफलता का आधार : कलेक्टर

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान जिलेभर में संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के साथ-साथ शासन-प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत शासकीय भवनों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने सांदीपनि विद्यालय के निरीक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों से सुविधाओं के संबंध में चर्चा की गई। बच्चों के चेहरों पर दिखाई देने वाली खुशी ही अधिकारियों के कार्य का वास्तविक प्रतिफल है।



दी गई जानकारी

कार्यक्रम में एसडीएम इटारसी द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आवासीय पट्टे, धारणाधिकार, स्वामित्व योजना सहित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक सेवाओं की जानकारी दी गई। एसडीएम ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से करवाने की अपील की।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर परिजनों ने साझा किए अनुभव

आने वाली पीढ़ी को सच्चे इतिहास से परिचित कराना आवश्यक: खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



14 अगस्त 2021 से भारत सरकार द्वारा विभाजन की विभीषिका और बलिदान की गौरव गाथा को समझने के लिए विभाजन विभीषिका दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में भाजपा कार्यालय विजय भवन में विभाजन की विभीषिका पर बटवारे का दंश झेलने वाले परिवारों ने भी अपने स्मरण साझा किए।

इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को इतिहास की सच्चाई से परिचित कराना आवश्यक है। जिन परिवारों ने 1947 में अपना सर्वस्व खोने के बावजूद कठिन परिस्थितियों में नए सिरे से जीवन खडा किया उनका संघर्ष और धैर्य प्रेरणादायी है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू और मोहम्मद अली जिन्ना के सत्ता लोलुपता के चलते लाखो लोगो को अपने घर और मातृभूमि से विस्थापित होना पडा। यह विस्थापन पिछली शताब्दी की मानव निर्मित सबसे बड़ी त्रासदी में से एक है। श्री खंडेलवाल ने कहा कि आज के दिन अतीत के दर्द को याद करते हुए उनसे सीख लेकर राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को मजबूत करने का संकल्प लेने का भी दिन है। कार्यक्रम के दौरान अपने परिजनों के अनुभव साझा करते हुए विस्थापित परिवार के सदस्य घनश्याम मदान ने बताया कि मेरे दादा दादी और पिता विभाजन की यादें जब बताते थे तो दर्द से आँखें भीग जाया करती थी। 14 अगस्त 1947 के दिन कट्टरपंथियों ने हिन्दूओ को निशाना बनाया जिससे लाखों लोग अपना व्यवसाय और जमीन जायदाद छोड़कर पलायन करने को मजबूर हो गए। श्री मदान ने बताया कि दो देशों के बंटवारे में बहन बेटियों को उस समय कहा जाता था कि प्राण त्याग देना लेकिन अपना तन किसी को मत सौपना। आप समझ सकते है कि उस दौर में हिंदुओं को चुन चुन कर मारा गया। जो लौटे वे या तो घायल थे या लाशों के रूप में वापस आए। ऐसे शहीदों को हम आज नमन करते है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विस्थापित परिवार के सदस्य मंजीत सिंह साहनी ने अपना स्मरण सुनाते हुए कहा कि हम रावलपिंडी के नजदीक हिन्दू, मुस्लिम,सिख सब मेल मिलाप से रहते थे लेकिन 10 मार्च 1947 को 266 गांवो में कट्टरपंथियों ने हिंदुओं के कत्लेआम शुरू कर दिए जिससे तकरीबन 24 लाख लोग प्रभावित हुए इस विभीषिका से सीख लेते हुए हमें प्रेम और भाईचारे की मिसाल पेश करनी है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि आज का दिन शोक व सम्मान का दिन है। विभाजन को याद कर शोक होता है लेकिन इनके परिजनों का संघर्ष हमें उनके प्रति सम्मान का अवसर देता है।

प्रतिष्ठानों से लिए पनीर, दही, दूध और घी के नमूने: बैतूल। कलेक्टर डॉ.सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ की जांच किए जाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन के दल ने 14 अगस्त को मुलताई शहरी क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठानों दूधसागर डेयरी, मां ताप्ती बीकानेर स्वीट भंडार, गुरु कृपा बीकानेर स्वीट भंडार, ओंकारमल सागरमल किराना स्टोर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जय मां काली डेयरी से पनीर, दही एवं गाय का दूध के नमूने, ओमकार डेरी से घी के दो नमूने लिए गए।

कर्मचारियों को दी शुभकामनाएं

आरएसके कार्यालय पहुंचे केंद्रीय मंत्री डीडी उईके



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय राज्यमंत्री डीडी उईके बैतूल की प्रसिद्ध कंस्ट्रक्शन कंपनी आरएसके के लिंक रोड पर स्थित कार्यालय पर पहुंचे।

उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण भेंट कर उन्हें 79 वें स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम बधाईयाँ दी। इस अवसर पर मंत्री श्री उईके ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देशभक्ति, त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। उन्होंने आरएसके कार्यालय के कर्मचारियों से आग्रह किया कि वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ आम जनता की समस्याओं का समाधान करें और आरएसके कार्यालय आम जनता की सेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बने। इस अवसर पर कार्यालय परिसर से तिरंगा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय रहवासियों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए।

प्रस्तावित कचरा खंती का ग्रामीणों ने किया विरोध, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मुलताई। नगर पालिका द्वारा ग्राम नगरकोट के खसरा नंबर 324 में प्रस्तावित कचरा खंती (डंपिंग ग्राउंड) के निर्माण का आसपास के आधा दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष तकी उल हसन रिजवी एवं पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार उईके के नेतृत्व में ग्राम उमारिया, आमाड़ोह, नगरकोट, सेमझिरा, मोही सहित अन्य गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील कार्यालय पहुंचे और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित कचरा खंती निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि खसरा नंबर 324 चार गांवों—आमाड़ोह, सेमझिरा, पाठाखेड़ा और नगरकोट—की सीमा पर स्थित है। यह क्षेत्र ऊंचाई पर होने के कारण इसके नीचे से स्थानीय तवा नदी लगभग दस माह तक प्रवाहित होती है, जो आगे चलकर श्रवण तीर्थ के पास ताप्ती नदी में मिलती है। ताप्ती नदी पर बने पांच सिंचाई बांधों के पानी का उपयोग सिंचाई के साथ-साथ पेयजल योजनाओं में भी किया जाता है। ऐसे में यहां कचरा डंपिंग ग्राउंड बनने से जल स्रोतों के प्रदूषित होने का खतरा उत्पन्न हो सकता है।

केंद्रीय राज्यमंत्री उईके व कलेक्टर ने दौड़ में की सहभागिता



बैतूल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन बैतूल द्वारा फ्रीडम रन—हम दौड़ेंगे, देश के लिए का आयोजन शुक्रवार को किया गया। फ्रीडम रन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारों से पूरा मार्ग देशभक्ति के जोश से गूंज उठा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके, जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, सीएमओ नवनीत पांडे, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील, यातायात प्रभारी गजेन्द्र केन, कृष्णा गायकी, विक्रम वैद्य, विकास मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने दौड़ में सहभागिता कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने कहा कि भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने की दिशा में देशभर में हर घर तिरंगा यात्रा एवं फ्रीडम रन जैसे आयोजन किए जा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ.सोनवणे ने एकीकृत प्राथमिक शाला और आंगनवाड़ी केंद्र खड़ला का किया निरीक्षण

बैतूल। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को बैतूल विकासखंड के ग्राम खड़ला स्थित शासकीय एकीकृत प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने विद्यालय परिसर में जर्जर भवन को तत्काल डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए। स्कूल में बालक एवं बालिका शौचालय अव्यवस्थित एवं परिसर में गंदगी पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सब इंजीनियर एवं प्राचार्य को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही सरपंच एवं सचिव को विद्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर रखने के लिए निर्देशित किया।

असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के निर्देश

इस दौरान स्कूल प्राचार्य ने कलेक्टर को स्कूल परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा शराब पीने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार एवं कोटवार को विद्यालय परिसर में शराब पीने वाले असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने तथा ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर नामजद बाउंड ओवर की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय के आसपास पुलिस गश्त सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बच्चों को मिल रहे भोजन की ली जानकारी

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर दर्ज बच्चों की संख्या, बच्चों को दी जा रही शिक्षा, प्रतिदिन मिलने वाले भोजन तथा कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली। आंगनबाड़ी केंद्र में पेयजल के नल टूटे पाए जाने पर उन्होंने सुपरवाइजर को तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सरपंच एवं सचिव को भी आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी के बच्चों से आत्मीय संवाद किया तथा उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को बिस्किट एवं मिठाई वितरित की।

कार्यालय नगर परिषद खिरकिया जिला हरदा (म.प्र.)
क्रमांक 845/ स्वतंत्रता दिवस/ लेखा/ न.प./2026 खिरकिया, दिनांक 12/08/2026
अमर शहीद दीपसिंह चौहान — हरदा जिले की शान गौरवान्वित है — अमर शहीद ईलापिसंह पटेल
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2026 की समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।
अपील
1. देश के वीर जवानों को शत-शत नमन । 2. एक वृक्ष अवश्य लगावें । 3. न.प. के करो का समय पर भुगतान अवश्य करे। 4. नगर को स्वच्छ रखकर स्वच्छता में नंबर 1 बनाने में सहयोग करें। रखें।
(श्री अखिल नीलकंठ राय) मु.न.पा. अधिकारी नगर परिषद खिरकिया
(विजयंत गौर) उपाध्यक्ष नगर परिषद खिरकिया
(श्रीमती) उपाध्यक्ष नगर परिषद खिरकिया
समस्त पार्षदगण
श्रीमति फूलबाई छतरसिह उईके, श्रीमति वंदना मलखान सिंह, श्रीमति किरण नरेन्द्र श्रीमति नेहा रविन्द्र दुआ, श्रीमति संगीता अभिषेक, श्रीमति सोनम पीयुष सोनी, श्रीमति लक्ष्मी संजय यादव, श्रीमति पुष्पा अनिल जैन श्री नितिन गुप्ता श्री सुरेन्द्र आठनेरे, श्रीमति रमा सत्यनारायण गौर, श्री राजेश मालाकार, श्री अनिल मालाकार, विधायक प्रतिनिधि श्री संजय सिंह चौहान, मनोनित पार्षद श्रीमती हर्षिता विनय राजपूत, श्री विष्णु मोरी श्री वीरेन्द्र राजपूत, श्री अमित तिवारी।
नगर के चहुमुखी विकास हेतु संकल्पित, नगर परिषद सिराली जिला हरदा

कार्यालय नगर परिषद सिराली जिला हरदा (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक- Email ID-cmosirail@mpurban.gov.in
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2026 की समस्त नगर वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।
अपील
1. देश के वीर जवानों को शत-शत नमन ।
2. एक वृक्ष अवश्य लगावें ।
3. न.प. के करो का समय पर भुगतान अवश्य करे।
4. नगर को स्वच्छ रखकर स्वच्छता में नंबर 1 बनाने में सहयोग करें।
5. जल का अपव्यय न करें।
6. सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने डस्टबीन अवश्य रखें।
(सचिन श्याम बुचा) उपाध्यक्ष न.प. सिराली
(अनिता कैलाशचंद्र अग्रवाल) अध्यक्ष न.प. सिराली
समस्त पार्षदगण :- श्रीमति सुधा जितेंद्र मालवीय, श्रीमति अनुराधा कुंजविहारी सोमानी, श्री हयात खान, श्रीमति सुलोचना शिवदास गुर्जर, श्रीमति माधवी पंकज गुप्ता, श्रीमति वंदना विक्रमसिंह राजपूत, सुश्री पायल भोलाशंकर कुशवाह, श्री मेराज खान, श्री राहुल शाह, श्रीमति रेखा नारायण बांके, श्री बहादुर सिह राजपूत, श्री कालूराम सेजकर, श्रीमति राजंती भागवत राजपूत ।
नगर के चहुमुखी विकास हेतु संकल्पित, नगर परिषद सिराली जिला हरदा





कार्यालय नगर परिषद टिमरनी, जिला-हरदा म.प्र.
दूरभाष क्रमांक- 07573-230239 Email ID-cmotimarni@mpurban.gov.in
क्रमांक 726/ स्वतंत्रता दिवस/ 2026 टिमरनी, दिनांक 11/08/2026
स्वतंत्रता दिवस की 80 वी वर्षगांठ पर समस्त नगर वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
1. देश के वीर जवानों को शत-शत नमन । 2. एक वृक्ष अवश्य लगावें । 3. न.प. के करो का समय पर भुगतान अवश्य करे। 4. नगर को स्वच्छ रखकर स्वच्छता में नंबर 1 बनाने में सहयोग करें। 5. जल का अपव्यय न करें। 6. सभी दुकानदार अपनी दुकानों के सामने डस्टबीन अवश्य रखें।
(दुर्गाप्रसाद बौरासी) मु.न.पा. अधिकारी नगर परिषद टिमरनी
(जयंत कौशल) अध्यक्ष नगर परिषद टिमरनी
समस्त पार्षदगण
श्रीमति गीना-राजेन्द्र नागरे, श्री गुलशन चौरसिया, श्रीमति उगा-सुभाष पाल, श्रीमति प्रीति चंसल, सुश्री रानी कनेरे, श्री सुनील दुबे, श्री रविन्द्र ठाकुर, श्री सुधीर गौर, श्री पुनीत जायसवाल, श्रीमति मीना-संतोष ताम्बुलकर, श्रीमति उर्मिला गीते, श्रीमति गनोरमा उपाध्याय, श्रीमति हीरा-गिरीश पुरे, विधायक प्रतिनिधि श्री ओमप्रकाश मिश्रा।



समस्त जिलेवासियों को
80 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
जालम सिंह पटेल
अध्यक्ष जपं सोहागपुर
राघवेन्द्र सिंह रघुवंशी
जनपद उपाध्यक्ष सोहागपुर

समस्त किसान बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती दीवान माया शाह
सरपंच
कमलेश आचार्य
उप सरपंच
राजेंद्र पुर्विया
सचिव
सौजन्य : समस्त पंचगण व ग्रामवासी
(ग्राम पंचायत शोभापुर, जप सोहागपुर)

सभी नगर वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
15 अगस्त जय हिन्द
आर आर जायसवाल CNG उपलब्ध है
इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन की जल्द शुरुआत होने जा रही है
आपके विश्वास की ऊर्जा से, सेवा में एक नया अध्याय
धन्यवाद सोहागपुर !
निवेदक -
श्री प्रशांत जायसवाल
संचालक - आर आर जायसवाल पम्प
आर आर जायसवाल पम्प , सोहागपुर

समस्त किसान बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन गोस्वामी
प्रबंधक
एसएस पगारे
सहकारिता पर्यवेक्षक
सौ.- सेवा सहकारी समिति मर्यादित
बारंगी, तहसील - सोहागपुर

समस्त नागरिकों को
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ठाकुर
हरगोविंद सिंह पुर्विया
समाजसेवी
ग्राम करनपुर, सोहागपुर
सौजन्य : ठाकुर हरगोविंद सिंह पुर्विया
मित्र मण्डल सोहागपुर

समस्त नागरिकों को
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव अग्रवाल
प्रदेश मीडिया प्रभारी
सौजन्य : गौरव अग्रवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी
(भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ) सोहागपुर

समस्त नागरिकों को
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य से - मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सोहागपुर, जिला-नर्मदापुरम

समस्त ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संतोष पटेल
सरपंच
रूक्मिणी ऊईके
सचिव
सौ.- समस्त पंचगण व ग्रामीण
ग्राम पंचायत निभौरा, जनपद पंचायत सोहागपुर

समस्त क्षेत्र वासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
JAWAHARLAL NEHRU SMRITI COLLEGE
SOHAGPUR, DISTT- NARAMDAPURAM (MP)
(बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध)
ADMISSION OPEN
AICTE APPROVED
MBA
BBA
PGDCA
प्रवेश प्रारंभ
Specialisation
Finance
Marketing
Human Resource Managment
Opration Managment
Business Analytics
Our Benefits
Placement assistance
Expert Advice
Free Career Counseling
Full Scholarship Based
कैलाश पालीवाल अध्यक्ष शासी निकाय सोहागपुर
कन्नूलाल अग्रवाल अध्यक्ष शिक्षा समिति सोहागपुर
हमीर सिंह चंदेल सचिव शिक्षा समिति सोहागपुर
डॉ.एन.के.नीखरा प्राचार्य ज.ने.रू. महाविद्यालय
Contact us- 9300722565,8878154579
सोहागपुर शिक्षा समिति सोहागपुर, जिला- नर्मदापुरम म.प्र.

समस्त नागरिकों को
जीएस मेहरा
प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी, जपं सोहागपुर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.- राजेंद्र कुमार उमरे (आरएस इलेक्टिकल्स)

जैनम् रेडी मिक्स कांक्रीट
समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Head Office: M/s. Jainam ready Mix Concrete Babai Road, Kalika Nagar, Near Vardan gardan, Narmadapuram -461001 (M.P.)
Side Office: Jainam ready Mix Concrete Babai Road, jasalpur Tole, Narmadapuram -461001 (M.P.)
संतोष जैन
जिलाध्यक्ष, शा. कांट्रेक्टर एसोसिएशन नर्मदापुरम्
जासलपुर टोल के पास नर्मदापुरम्, 9425408900

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य : जय कान्हा राईस एंड एग्रो मिल्स
प्राइवेट लिमिटेड, अकोला शोभापुर (सोहागपुर)

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौजन्य : सुनीता गढ़वाल प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ
शासकीय कन्या शाला, सोहागपुर, नर्मदापुरम्

समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामगोपाल यादव
प्रबंधक
एस एस पगारे
सहकारिता पर्यवेक्षक
सौजन्य : आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
कामती रंगपुर, (सोहागपुर)

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति सोहागपुर द्वारा संचालित
समस्त नागरिकों को
सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुविधाएं : नर्सरी से कक्षा 12वीं तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध
कक्षाओं 11 एवं 12 में गणित, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य
श्री कृष्णकुमार पालीवाल अध्यक्ष
श्री संजीव दुबे व्यवस्थापक
श्री अशोक कुमार दुबे प्राचार्य
सौ.: नेताजी सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति सोहागपुर
एवं सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर

स्वतंत्रता दिवस की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ADARSH
PUBLIC HR.SEC. SCHOOL, SOHAGPUR NURSERY TO 12TH | ENGLISH MEDIUM
स्थापना : 2014 | शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
ADMISSION OPEN 2025-26
Features -
Well trained and experienced teachers
Holistic development of the child
Child centered education
CCTV surveillance premises
Facilities
Library facilities
Bus facility for local area
Computer lab available from 1st class onwards
Monthly evaluation of the child
PTM focused plan for smooth interaction
RTE admissions free educational trip
Automated sanitization machine
NURSERY TO 12TH
ENGLISH MEDIUM
MATHS, BIO COMMERCE
CBSE PATTERN
BUS FACILITY
सत्र 2025-26 ऑफर नवीन प्रवेश पर प्रत्येक कक्षा में 1 से 20 विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत माफ कक्षा नर्सरी से 5वीं
सोहागपुर के सभी क्षेत्रों से वाहन सुविधा उपलब्ध
Near Palas Parisar Colony Markadhana Road, Sohagpur
8719969691, 9340229714

ST. PATRICK'S SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE New Delhi, No. 1030544)
Hoshangabad Road Sohagpur | Contact-9424025462
15th AUGUST
HAPPY INDEPENDENCE DAY
ONE NATION ONE DREAM ONE FUTURE
Let us honor the sacrifice of our freedom fighters and build a better nation.
Principal Fr Dileep Kumar Minj.
Manager Fr Abraham Michael
EDUCATING MINDS • SHAPING FUTURES • BUILDING NATION

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26
समस्त क्षेत्रवासियों वासियों को
हर घर तिरंगा
